ग्रेटर नोएडा में फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्प्लेक्स का होगा निर्माण

लखनऊ। ग्रेटर नोएडा में आधुनिक फ्लैटेड फैक्टरी का निर्माण होगा। फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्पलेक्स के निर्माण से जुड़ी प्रक्रिया भी जल्द शुरू होने जा रही है। फिलहाल मास्टर प्लान पर काम चल रहा है। 125 करोड़ रुपये की लागत से 24 महीने में निर्माण कार्यों को पूरा किए जाने का लक्ष्य है।

योगी सरकार का यह प्रयास उत्तर प्रदेश को औद्योगिक हब बनाने की दिशा में एक ठोस कदम माना जा रहा है। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-28 में प्रस्तावित फ्लैटेड फैक्टरी न केवल एमएसएमई सेक्टर को गति देगी, बल्कि नोएडा व ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्पलेक्स के जरिये सरकार का उद्देश्य छोटे उद्यमियों को एक ही परिसर में सभी बुनियादी सुविधाओं से लैस यूनिट देना हैं, ताकि उत्पादन कार्य बिना किसी बाधा के चल सके।

यीडा का यह कदम न केवल निवेशकों को आकर्षित करेगा, बल्कि क्षेत्र की तरक्की के साथ युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगा। यह प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड पर होगा और इसका निर्माण कार्य 24 महीनों में पूरा किया जाएगा। निर्माण पूरा होने के बाद परियोजना के अंतर्गत तीन साल की डिफेक्ट लायबिलिटी अवधि भी लागू होगी। यानी कोई खामी दिखाई पड़ने पर कॉन्ट्रैक्टर ही उसे ठीक कराएगा।

मास्टर प्लान पर चल रहा काम 24 महीने में पूरा होगा, 125 करोड़ आएगी लागत

यह बहुमंजिला फ्लैटेड फैक्टरी करीब 38665 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र में होगी और इसमें सूक्ष्म, लघु व मध्यम दर्जे के उद्यमों के लिए अत्याधुनिक सुविधा युक्त यूनिट होंगी। कॉम्पलेक्स की हाइवे से 24 व 30 मीटर चौड़े संपर्क मार्गों की कनेक्टिविटी भी होगी। ब्यूरो